
तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 6.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार,14 दिसंबर 2023



## खबर संक्षेप

### सेल्समैन शराब व नकदी लेकर फरार

**पानीपत।** पानीपत के गांव जाटल में एक शराब ठेके पर चार दिन पहले ही बतौर सेल्समैन की नौकरी पर लगे दो कारिंदे नगदी व शराब की खेप लेकर फरार हो गए। इसराना पुलिस को दी शिकायत में मनजीत राणा निवासी गांव कारद जिला पानीपत ने बताया कि चार दिन पहले ही सुमित और रोहित पाल निवासी यूपी बतौर सेल्समैन नौकरी पर रखे थे। 11 दिसंबर की रात दिनभर की सेल 58 हजार 500 रुपये और शराब की बोतलें चोरी कर फरार हो गए।

### मादक पदार्थ सप्लायर को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने 724 ग्राम अफीम सहित पकड़े गए आरोपी बलविंद्र निवासी महमूदपुर जिला पानीपत की निशानदेही पर यूपी निवासी नशा सप्लायर राजू निवासी अंजली बरेली यूपी को गिरफ्तार किया था। आरोपियों पर थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**घरौंडा।** गांव मंगलौरा पुल के पास एक अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। तरावड़ी के रहने वाले विनोद कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह 12 दिसम्बर को तरावड़ी निवासी अक्षय कुमार की बहन के घर से बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही मंगलौरा पुल क्रॉस किया तो किसी अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

### चरस और स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल ।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गुरूनानकपुरा से एक चरस और स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 844 ग्राम चरस और 7 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक बरामद की है। नारकोटिक्स सेल इंचार्ज एसआई रमेश चंद की अध्यक्षता में टीम द्वारा वश्विसनीय सूचना पर गुरुनानकपुरा निवासी आरोपी हरजिंद्र सिंह को चरस और स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 21 के तहत मुकदमा नंबर 448 दर्ज किया गया।

### पानीपत में एक घर से डेढ़ लाख रुपये चोरी

**पानीपत।** पानीपत की राम नगर कॉलोनी में स्थित घर से चोरों ने डेढ लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली। वहीं, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में गंगाधर ने बताया कि 12 दिसंबर को उसके मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर चोर घर के भीतर घुसे। यहां घुसने के बाद कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़ा। इसके बाद अलमारी से डेढ़ लाख कैश, कपड़े चुरा लिए।







# देशभर के शिल्पकला ने महोत्सव की फिजा में भरा रंग

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में चलने वाले सरस और क्राफ्ट मेले में आने वाले पर्यटकों को इस बार अनोखी शिल्पकला देखने को मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जहां एक ओर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज हो चुका है, वहीं दूसरी ओर दूसरे प्रदेशों से ब्रह्मद्दसरोवर के तट पर पहुंचे शिल्पकारों की अदभुत शिल्पकला ने पर्यटकों को आश्चर्य चकित कर दिया है। इस अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर का तट शिल्पकारों की शिल्पकला से सज चुका है और इस शिल्पकला को देखने वाले दूसरे प्रदेशों के पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी इन शिल्पकला को देखकर हैरान हो रहे है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में 24 दिसंबर 2023 तक चलने वाले सरस और क्राफ्ट मेले में आने वाले पर्यटकों को इस बार अनोखी शिल्पकला देखने को मिल रही है और यहां पर आने वाले सभी पर्यटक इन सभी शिल्पकारों की शिल्पकला से निर्मित वस्तुओं की जमकर खरीददारी कर रहे है।

इस महोत्सव में शिल्पकारों की अविश्वनीय शिल्पकला और हाथ की कारागिरी ने ब्रह्मसरोवर के तट पर लगने वाले सरस और क्राफ्ट मेले की फिजा में रंग भरने का काम किया है, जिससे यहां पर आने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस महोत्सव की जमकर प्रंशसा कर रहे है। महोत्सव के दौरान कुरुक्षेत्र-धर्मक्षेत्र की पावन धरा पर आने वाला प्रत्येक पर्यटक इस महोत्सव का भरपूर आनंद ले रहा है।

इस महोत्सव में जहां एक ओर शिल्पकार अपनी शिल्पकला से महोत्सव में रंग भर रहा है, वहीं दूसरी ओर ब्रह्मद्दसरोवर के तट पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए एनजेडसीसी की तरफ से बहरूपिए लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए है और सभी स्थानीय और दूर-दराज से आने वाले पर्यटक इन बहरूपियों के साथ सैल्फी लेकर इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का लुफ्त उठा रहे है।







### मिट्टी से बने बर्तन कर रहे आकर्षित



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के ब्रह्मसरोवर पर गीता महोत्सव के सरस मेले पर अनेकों कलाकारों द्वारा अपनी शिल्पकला को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस महोत्सव में पानीपत के गडशानी से आए शिल्पकार मुकेश कुमार मिट्ट्ढी से बने अनेक प्रकार के बर्तनों को लेकर पहुंचे है। उनके मिट्ट्ढी के बर्तनों से सजे स्टॉलों पर पर्यटकों की भीड़ देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके यह मिट्टी से बने बर्तन कितने शानदार है। वे बर्तन बनाते समय लाल और काली मिट्टी का इस्तेमाल करते है। शिल्पकार मुकेश कुमार ने कहा कि आधुनिकता के कारण कही न कही हम अपनी प्राचीन संस्कृति से दूर होते जा रहे है। गीता महोत्सव के माध्यम से पर्यटकों को फिर से अपनी मिट्टी से जुड़ने का मौका प्रदान करने का काम कर रहे है। पहले सभी लोग मिट्टी के बर्तनों में ही भोजन किया करते थे परन्तु आधुनिकता के चलते सभी लोग स्टील वा एल्यूमीनियम के बर्तन ही इस्तेमाल कर रहे है। शिल्पकार ने कहा कि पहले मिट्टी के बर्तन सिर्फ चूल्हे पर ही इस्तेमाल किए जाते थे परंतु इनके द्वारा बनाए गए बर्तन गैस पर भी इस्तेमाल कर सकते है। उनके द्वारा देश भर में लगने वाले विभिन्न मेलों में अपना स्टॉल स्थापित किया जाता है।

### कश्मीर के पारंपरिक परिधानों ने मचाई धूम



हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के ब्रह्मसरोवर के पावन महोत्सव पर जम्मू कश्मीर ने अनेक शिल्पकार पहुंचे हुए है। इन्ही शिल्पकारों में से एक आकिब यहां जम्मू-कश्मीर से आए हुए है। इनके पास अनेकों तरह के कपड़े है जिनमे से कुछ सूट, फोंचू, शॉल जिनके उपर इस शिल्पकार द्वारा सारा कार्य हाथ से किया गया है। शिल्पकार ने बताया कि कानी वर्क की हैंडलूम पर बनता है। उनके पास इस वर्क से बने कई तरह के परिधान भी है। शिल्पकारों ने बताया कि कपड़ों पर आरी वर्क भी किया जाता है और ये पिछले दस वर्षो से ये कार्य कर रहे है। वे जम्मू कश्मीर से अपनी पारंपरिक वस्त्र लाए है, जिसे फेरान के नाम से जाना जाता है, जो की एक कुर्ता है यह दिखने मे बड़ा ही अच्छा और आकर्षक है। इनके सामान का मूल्य 700 से 10 हजार तक है। उन्होंने बताया कि वे महोत्सव में काफी समय से अपनी स्टॉल लगाते आ रहे है और यहां आकर बड़ा ही अच्छा महसूस होता है। उनके पास 50 से 60 कारीगर कार्य करते है और वे 5 व्यक्ति मिलकर इन उत्पादों को बेचने का काम करते है।

### पांगी औषधी लेकर पहुंचे विपन ठाकुर



ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सरस और शिल्प मेला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के जेंजतिया क्षेत्र से आए विपन ठाकुर द्वारा इस महोत्सव में जड़ी बूटियों से बनी पांगी औषधि लाई गई है, जो प्रधान मंत्री कार्यालय में भी भेजी जाती है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज से प्रशिक्षित विपन ठाकुर ने बताया कि इस हर्बल नुस्खे से सेंसी, पित, कड़ू, गुरुनु जैसी जड़ी बूटियों के एक्सट्रैक्ट का उपयोग करके उन्होंने मधुमेह, बीपी, हृदय रोग, गठिया, यूरिक एसिड, और पेट समस्याएं ठीक करने में सफलता प्राप्त की है। सरकारी मंजूरी और केंद्र सरकार से मिले सर्टिफिकेट ने इस हर्बल नुस्खे की गुणवत्ता को साबित किया है, जो बिना किसी परहेज या साइड इफेक्ट्स के है। इन जड़ी बूटियों की खास बात यह है कि यह अप्रैल महीने में बर्फ पिघलने के बाद उपलब्ध होती हैं। विपन ठाकुर जो कि एक पूर्व सैनिक हैं, उन्होंने बताया कि वो 8 सालों से गीता महोत्सव में भाग ले रहे हैं। इस वर्ष उनका स्टॉल न. 738 है।हरियाणा और हिमाचल की राज्य सरकारों का उनके सेल्फ हेल्प ग्रुप को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया है। कुरुक्षेत्र में अब तक उन्होंने 10 से 15 हजार लोगों को बीमारियों से बाहर छुटकारा दिलाया है और इसके 100 प्रतिशत परिणामों ने सबको हैरान कर दिया है। उनके सेल्फ हेल्प ग्रुप से फिलहाल आठ महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होने बताया कि वह खानदानी वैद्य परिवार से हैं।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में करतब दिखाते कलाकार।

# दो युवकों ने डेबिट कार्ड बदलकर व्यक्ति के खाते से निकाले 25 हजार

## अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- मदद के बहाने पीड़ित को बातों में उलझा कर डेबिट कार्ड ले लिया

एटीएम मशीन से पैसे नहीं निकलने पर दो युवकों ने मदद करने के बहाने एक व्यक्ति से डेबिट कार्ड लेकर उसके खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक शादीपुर निवासी अलीहसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव स्थित सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में उसका खाता है। गत सात दिसंबर को वह बुड़िया चुंगी के नजदीक स्थित केनरा बैंक के एटीएम में रुपये निकालने के लिए गया। यहां पर वह रुपये निकालने लगा तो मशीन से पैसे नहीं निकले।

इस दौरान वहां पर पहले से ही दो युवक खड़े थे। उन्होंने उसकी मदद के बहाने उसे बातों में उलझा लिया और डेबिट कार्ड ले लिया। इन युवकों ने डेबिट कार्ड मशीन में डालकर उससे पासवर्ड पूछ लिया। मगर इस दौरान भी मशीन से उसके पैसे नहीं निकले। जिसके बाद आरोपी उसे डेबिट कार्ड वापस करके चले गए। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर अलग अलग तीन बार में 25 हजार रुपये खाते से निकलने का मैसेज आया।

इस बारे में बैंक में पता किया तो जानकारी मिली कि डेबिट कार्ड बदला हुआ है। एटीएम में उपस्थित ठगों ने उसका धोखे से डेबिट कार्ड बदलकर खाते से रुपये निकाल लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बिजली का तार टूटा, बाल बाल बचे चार परिजन

- फैक्ट्री का वर्कलोड ज्यादा होने से तारें अकसर ओवरहीट होकर टूट कर नीचे गिर जाती

**पानीपत।** पानीपत में कुटानी रोड स्थित काबुली बाग कॉलोनी में एक मकान के भीतर बिजली की हाइवोल्टेज तार टूट कर गिर गई। वहीं बिजली के करंट की चपेट में आने से चार लोग बाबू लाल, मोमीन खान, फैमीदा और चांद बाल बाल बच गए। यह हादसा पहली बार नहीं हुआ। हर बार बिजली निगम इस टूटी हुई तार को औपचारिक तौर पर जोड़कर चले जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद तार फिर टूट जाती है। जिस वजह तार में अनेक जगहों पर जोड़ लगे हुए हैं। आसपास के निवासियों का आरोप है कि बिजली निगम ने 11 हजार हाइवोल्टेज तारे यहां के स्थानीय घरों के लिए नहीं है। बल्कि यह तारे यहां चल रही एक फैक्ट्री के लिए स्पेशल डाली हुई हैं। फैक्ट्री का वर्कलोड ज्यादा होने की वजह तारें अकसर ओवरहीट होकर टूट कर नीचे गिर जाती हैं। वहीं, इस बारे में संबंधित उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायतें दे चुके हैं, बिजली निगम के अधिकारी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे है।

# राजकीय स्कूल की मुख्याध्यापिका के साथ शिक्षक ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज किया

मतलौडा खंड के एक गांव स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल की मुख्य अध्यापिका ने एक दिसंबर को अपने ही स्कूल के एक अध्यापक पर मारपीट व बदतमीजी करने की शिकायत थर्मल चौकी पुलिस को दी थी। मुख्य अध्यापिका ने आरोप लगाए थे कि स्कूल का एक अध्यापक अपनी क्लास को छोड़कर अन्य क्लास में व्यर्थ की बातें कर रहा था। टोकते पर अध्यापक ने मुख्य अध्यापिका के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। मुख्य अध्यापिका की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन अभी तक भी अध्यापक की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बुधवार को स्कूल प्रांगण में स्कूल प्रबन्धन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व ब्लाक समिति चेयरमैन सुभाष खारी व प्रधान कर्ण सिंह ने की। अध्यक्षता कर रहे पूर्व चेयरमैन सुभाष खारी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अपने बच्चों के माध्यम से स्कूल प्रागण में एक दिसंबर को लगभग तीन बजे स्कूल मुखिया के साथ घटित घटना का संज्ञान लिया और अपने स्तर पर जांच की है, जिसमें दूसरी कक्षा के अध्यापक ने जो निन्दनीय घटना हेड मेडम के साथ की है। स्कूल प्रबन्धन समिति उसका पूरा विरोध करती है और दोषी अध्यापक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की अपील करती है। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सहित 10 सदस्यों ने सहमति जताई। जांच अधिकारी ने मुख्य अध्यापिका के ब्यान दर्ज करने के लिए उसको नोटिस देकर थाने बुलाया था। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक व ग्रामीण भी मुख्य अध्यापिका के समर्थन में उनके साथ मतलौडा थाना पहुंचे। उन्होंने भी आरोपित अध्यापक की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

## अस्पताल में रोजाना होती है डेढ़ से दो हजार की ओपीडी

# फिजिशियन बिना नागरिक अस्पताल सूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- 105 करोड़ की लागत से बने जिला नागरिक अस्पताल के पांच मंजिला भवन में फिजिशियन नहीं होने से बेहाल हैं मरीज

मरीजों की सुविधा के लिए 105 करोड़ रुपये की लागत से बने पांच मंजिले जिला नागरिक अस्पताल के भवन में फिजिशियन का पद खाली होने से मरीज बेहाल हैं। अस्पताल में पिछले दो वर्ष से फिजिशियन का पद खाली पड़ा है। खास बात यह है कि जिला नागरिक अस्पताल में रोजाना डेढ़ से दो हजार मरीजों की ओपीडी हो रही है। मगर फिजिशियन नहीं होने से मरीज अपने उपचार के लिए निजी अस्पतालों में जाकर उपचार करवाने को मजबूर हैं।

-मरीजों की सुविधा के लिए दो सौ बैड का बनाया अस्पताल का भवन

प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों की सुविधा के लिए शहर स्थित जिला नागरिक अस्पताल को दो सौ बैड बनाने के लिए 105 करोड़ रुपये खर्छ कर अस्पताल का पांच मंजिला भवन बनाया गया है। जिसका उद्घाटन भी किया जा चुका है। मगर पिछले दो साल से अस्पताल में फिजिशियन का पद खाली पड़ा होने से लोगों को सामान्य बीमारियों से संबंधित उपचार नहीं मिल पा रहा है।



यमुनानगर। जिला नागरिक अस्पताल में ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़।

### मेडिकल ऑफिसरों के 23 खाली पद

जिला नागरिक अस्पताल में मेडिकल अधिकारियों के 55 पद हैं। जिनमें से 23 पद खाली पड़े हैं। वहीं, एमबीबीएस डॉक्टरों को सरकार के कई कार्यक्रमों को कराने का प्रभार सौंपा हुआ है। ऐसे में यह डॉक्टर मरीजों को देखने के बजाय सारा दिन अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं। जिनका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ ररहा है। जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह का कहना है कि जिले में फिजिशियन का पद काफी समय से खाली है। एक डॉक्टर की नियुक्ति हुई थी। लेकिन उसने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। प्रयास किए जा रहे हैं कि अस्पताल में जल्द से जल्द फिजिशियन का पद भरा जाए।

खास बात यह है कि जिला नागरिक अस्पताल में रोजाना ढेड़ से दो हजार की संख्या में मरीजों की ओपीडी हो रही है। जिनमें अधिकांश खांसी, बुखार, जुखाम व हार्ट जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। मगर फिजिशियन का पद खाली होने से मरीज परेशान हैं। उन्हें निजी अस्पतालों में उपचार करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में अनुबंध आधार पर पहले फिजिशियन रखे गए थे। मगर अनुबंध खत्म होने के बाद दोबारा किसी की नियुक्ति नहीं हुई। हालांकि कुछ समय पहले एक फिजिशियन की नियुक्ति की गई थी। मगर उसने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। अस्पताल में मरीजों की रोजाना ओपीडी इतनी हो जाती है कि तीन फिजिशियन तैनात किए जाने जरुरी हैं।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कुरुक्षेत्र।** गांव धंतौड़ी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतका के भाई प्रवीण की शिकायत पर पति अजय, ससुर सुभाष व सास सुनीता के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रवीण ने बताया कि उसकी बहन ममता की शादी नवंबर 2022 में अजय निवासी धंतौड़ी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही अजय उसकी बहन ममता के साथ मारपीट करता था जिस बारे कई बार पंचायते हुई।

अजय उसकी बहन को कहता था कि उसने लैब करनी है उसे अपने घर से पैसे लाकर दे। गत मंगलवार को वह अपने घर बीड भादसो में था। उसके पास सूचना आई कि ममता की तबीयत खराब है। इसके बाद जब वह गांव धंतौड़ी पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी बहन नीचे फर्श पर लेटी हुई थी। उसकी गर्दन पर निशान थे।

# ससुर व जेठ पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ किया दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज किया

महिला ने अपने ससुर व जेठ पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक गांधी नगर थाना के अंतर्गत क्षेत्र की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी गत 18 फरवरी को अजय के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसका ससुर व जेठ उस पर गंदी नजर रखने लगे। इस दौरान आरोपी अक्सर उसे अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करते थे।

इस बारे में पति व सास को बताया तो उन्होंने इस बात को नजर अंदाज कर दिया। बाद में वह आरोपियों से परेशान होकर गत अक्तूबर में अपने मायके में चली गई। आरोप है कि गत 23 नवंबर को आरोपी ससुर व जेठ उसके मायके में आ गए। उस समय मायके में कोई नहीं था। आरोप है कि इस दौरान आरोपी जेठ ने उसे पकड़ लिया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म कर लिया। बाद में उसके ससुर ने भी उसके साथ गलत काम किया और उसे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। काफी दिन तक वह चुप रही। मगर इसके बाद आरोपी उसे परेशान करने लगे। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण खेल स्टेडियम उपलब्ध नहीं : राजेश

**तरावड़ी।** हरियाणा में करीब 232 ग्रामीण खेल स्टेडियम व मिनी खेल स्टेडियम के साथ 46 खेल नर्सरी है पर आज प्रदेश में सबकी हालत बड़ी दयनीय है। कांग्रेसी नेता प्रो राजेश वैध ने अपने आवास पर आयोजित एक बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। वैध ने कहा कि खिलाडिय़ों को क्लास-1 व 2 की नौकरियों में उचित आरक्षण नहीं मिल रहा है।

### जन-समस्याओं के निवारण को समर्पित सरकार

**घरौंडा।** घरौंडा के विधायक हरवद्रिं कल्याण ने कहा है कि अधिकारी सेवा भाव से कार्य करें। स्टॉल पर पहुंचे हर पात्र व्यक्ति की समस्या का समाधान करें ताकि उन्हें दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। भ्रष्टाचार व भाई भतीजावाद को खत्म करने के लिए अनेक योजनाओं को ऑनलाइन किया गया है। योजनाओं के क्रियान्वयन में कहीं थोड़ी बहुत कमी रह गई है तो उसे जल्द दूर किया जाएगा। विधायक कल्याण आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव नगला फार्म और मुस्तफाबाद पहुंचने पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

### डाक सेवकों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर हड़ताल पर चल रहे ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को भी गामीण डाक सेवक रेलवे रोड स्थित मुख्य डाकघर के समक्ष धरने पर बैठे रहे। ग्रामीण डाक सेवक 8 घंटे की ड्यूटी व पेंशन सहित सभी लाभ देने की मांग कर रहे है। आंदोलनरत ग्रामीण डाक सेवको का कहना है की जब तक हमारी मांगे नही मानी जाएगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। वही दूसरी और ग्रामीण डाक कमीर्यो के हड़ताल पर जाने से ग्रामीण क्षेत्र को डाक व्यवस्थाए प्रभावित हो रही है। गांवों में डाक वितरण और डाक बुकिंग सेवाए हड़ताल की वजह से बंद है।

यूनियन ने मांगों को लेकर फव्वारा पार्क में सभा की

# वर्कर्स व हेल्पर्स ने की नारेबाजी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

18 महीने से आंगनबाड़ी में राशन का मेहनताना, सिलेंडर का खर्च, केंद्रों का किराया नहीं आ रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन ने मांगों को लेकर फव्वारा पार्क में सभा की। सभा के बाद नारेबाजी करती वर्कर व हेल्पर जिला सचिवालय पहुंची। यहां अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शनकारी वर्करों की अगुवाई जिला प्रधान रूपा राणा ने की व संचालन जिला सह सचिव रीना ने किया। इस मौके पर जिला प्रधान रूपा राणा, सह सचिव रीना, सीटू जिला सचिव जगपाल राणा व कैशियर ओपी माटा ने कहा कि सरकार व विभाग की मैनेजमैट के साथ कई दौर की बातचीत होने व मुख्यमत्री द्वारा की गई घोषणा के बावजूद भी एक भी मांग का नोटिफिकेशन जारी नही किया गया है। पिछले आंदोलन के दौरान टर्मिनेट हुई वर्करो हैल्परो व हडताली वर्करो हैल्परो का हड़ताल के दौरान की वेतन 100 रुपए व 200 रुपए काटकर तुरन्त दिया जाने, 2018 में मोदी सरकार ने आंगनबाडी कर्मीयों को 1500 व 750 रुपए देने को कहा था व अन्य मानी गई मागों का नोटिफिकेश जारी करने आश्वासन, दिया था, लेकिन हरियाणा की सरकार ने आज तक उसे लागू नहीं किया है। उन्होने कहा कि हरियाणा सरकार ने वर्कर्स को कुशल व हैल्पर्स को अर्धकुशल का दर्जा देने का वादा किया था लेकिन अभी तक वर्कर्स एवं हैल्पर्स को कुशल व अर्धकुशल वर्कर का दर्जा नहीं मिला है।

पिछले 18 महीने से आंगनबाड़ी में बनाए जाने वाला लाभार्थियों का राशन का मेहनताना, सिलेंडर का खर्च, कच्ची सब्जियों का खर्च व आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया नहीं आ रहा है। इस अवसर पर रूपा राणा, पूनम गगसीना, रीना, सुदेश सग्गा, नीलम, सरोज, ममता, बबीता, रेखा, शालिनी, नरेश, पिंकी, सर्वेश राणा, संतोष, पुष्पा राणा, उर्मिला, राकेश, सनीता, सुशील गुर्जर, ओपी माटा, सेवा राम, भाग सिंह, राजपाल, रमेश चंद्र, ओम प्रकाश सिहमार व अशोक कुमार ने संबोधित किया।

# साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक रहें छात्र

■ राजकीय माध्यमिक विद्यालय घिसरपुरी में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



**इंद्री।** राजकीय माध्यमिक वद्यिालय घिसरपुरी में किशोर स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बच्चो को जानकारी देते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

नागरिक अस्पताल इंद्री की एसएमओ डॉ किरण गिरधर की अध्यक्षता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय घिसरपुरी में किशोर स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य काउंसलर सम्राट खेड़ा ने बच्चों को बताया कि सोशल मीडिया संचार का एक इंटरनेट आधारित रूप है। सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव बच्चों में तेजी से बढ़ रहा है,जैसे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे अर्थात बच्चों में अवसाद, चिंता बढऩे के साथ-साथ अकेलापन बच्चों में बढ़ रहा है। उन्होंने स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे फोन नंबर, ईमेल पता,फोटोग्राफ या वीडियो अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। संवेदनशील वत्तिीय जानकारी जैसे बैंकिंग पासवर्ड आदि साझा न करें, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रक्विेस्ट स्वीकार न करें, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें और सोशल मीडिया खातों की गोपनीयता सेटिंग जांच लाइसेंस प्राप्त सॉफ्टवेयर, एंटीवायरस का उपयोग करें।

# मुख्य दंडाधिकारी ने बाल भवन की सुविधाएं जांचीं

**करनाल।** मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण सचिव सुश्री जसबीर ने बताया कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एमडीडी बाल भवन, फुसगढ़ रोड, करनाल में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल के लिए दौरा किया। संरक्षक और संस्थापक पीआरनाथ और सुषमा नाथ, एवं सुरेंद्र मान, एमडीडी बाल भवन भी वहां मौजूद थे। समाज के निराश्रित बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या वे बच्चे जिनके माता-पिता उनका भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन पूरी लगन के साथ उनकी देखभाल कर रहा है। एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में 87 लड़कियां रह रही हैं। सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही हैं। एमडीडी चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं एम.डी.डी बाल भवन अनाथालय एक प्यारा शांतिपूर्ण घर से दूर घर है, जिसका एक मात्र उद्देश्य उन वंचित अनाथों के जीवन से प्यार करना और उनकी देखभाल करना है, जिनके पास दावा करने के लिए कुछ भी नहीं है और खुद से पूछने के लिए कोई नहीं है।



**करनाल।** एमडीडी बाल भवन का दौरा करते मुख्य दंडाधिकारी सुश्री जसबीर। फोटो :हरिभूमि



**तरावड़ी।** कविता प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने के बाद छात्रा स्नेहा स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो :हरिभूमि

## छात्रा स्नेहा ने इंग्लिश कविता प्रतियोगिता

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल की छात्रा ने इंग्लिश कविता प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सहोदय स्कूल के द्वारा दयाल सिंह स्कूल, जरनैली कॉलोनी में आयोजित किया गया। इंग्लिश कविता प्रतियोगिता में 30 स्कूलों के वद्यिार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभन्नि स्कूलों से आए छात्रों ने अपने-अपने विचार कविता के माध्यम से व्यक्त किए। लेकिन प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी की कक्षा आठवीं की छात्रा स्नेहा ने अपने भावों को कविता के माध्यम से व्यक्त करते हुए सबका मन मोह लिया और इस प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने बच्चों को इसी प्रकार प्रतियोगिताओं में भाग लेने की प्रेरणा दी।

# नशे का प्रकोप बढ़ रहा, बचकर रहने की जरूरत: राणा

■ पुलिस अकादमी में 'ड्रग्स का दुष्प्रयोग एवं एचआईवी एड्स रोकथाम' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** पुलिस अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पीजीआई, चंडीगढ़ के मनोचिकित्सा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेन्द्र कुमार राणा।

हरियाणा पुलिस अकादमी के सरदार वल्लभभाई पटेल हॉल में 'ड्रग्स का दुष्प्रयोग एवं एचआईवी एड्स रोकथाम' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ पीजीआई चण्डीगढ़ के मनोचिकित्सा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेन्द्र कुमार राणा ने किया। कार्यक्रम में 43 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें हरियाणा व पंजाब राज्य के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, हरियाणा राज्य में नियुक्त लोक अभियोजक, जेल अधिकारी तथा पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए डॉ देवेन्द्र ने कहा कि आज के समय में नशे का प्रकोप बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले व्यक्तियों की प्रतिक्रिया अलग-अलग होती है, जैसे कोई व्यक्ति उत्तेजित हो जाता है,किसी को नींद आने लगती है और कुछ व्यक्ति नशा करने के बाद हंसने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति अपनी दिनचर्या में कोई अलग प्रतिक्रिया करता है जिसे वह आमतौर पर नहीं करता, उसके शरीर पर यदि इंजेक्शन के निशान मिले या किसी हरकत को बार-बार करता है, तो उस व्यक्ति से बातचीत करनी चाहिए ताकि पता लगाया जा सके कि उसने किसी प्रकार का कोई नशा तो नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आप जहां रह रहे हैं वहां अगर कोई अजीब किस्म का पोलीथिन बैग, सीरिंज, जली हुई चम्म्च और जले हुए कागज मिले तो आपको सावधान हो जाना चाहिए, कि आपके आपस-पास नशा किया जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों को देखकर और हम इनका पता लगाकर नशे को रोक सकते हैं। कार्यक्रम के आगामी सत्रों में जिला सिरसा के उप-चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज शर्मा तथा पूर्व कारागार अधीक्षक जयकिशन छिल्लर ने प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया। अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ सोहन सिंह ने पौधा भेंट कर अतिथि वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम में अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने अतिथि वक्तओं तथा प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### सीआईए ने हथियार सहित एक को पकड़ा

**घरौंडा।** जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में एसआई अनिल कुमार इंचार्ज सीआईए वन के नेतृत्व में टीम ने सूचना पर आरोपी सचिन उर्फ काकू पुत्र सुरेंद्र उर्फ बंजारा वासी कुटैल करनाल को ऊंचा सामना रोड मधुबन से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पस्तिौल 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में पाया गया की आरोपी सचिन यह असला शौकिया तौर पर उत्तरप्रदेश के मुरसलीन से चार महीने पहले खरीद कर लाया था।

### नगर निगम ने उतारे एक दर्जन अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड : आयुक्त

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के आदेशानुसार शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों व मार्गों पर अनाधिकृत रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्डों/होर्डिंग्स को उतारने का नगर निगम का अभियान जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को शहर के मुगल कैनाल, कुंजपुरा रोड व आई.टी.आई. रोड पर विभिन्न शोरूम व भवनों पर लगे करीब एक दर्जन अवैध बोर्डों को उतारा गया। यह जानकारी नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने दी।

उन्होंने बताया कि जिन भवनों से अवैध बोर्डों को उतारा गया है, सम्बंधित भवन मालिकों को दोबारा ऐसा न करने के लिए सख्त चेतावनी दी गई है। पुनः अवैध बोर्ड प्रदर्शित करने पर सम्बंधित व्यक्ति या फर्म पर विज्ञापन बायलॉज के अनुसार तीन गुणा जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में किसी भी व्यक्ति, फर्म, कम्पनी या एजेंसी को अनाधिकृत रूप से निगम क्षेत्र में होर्डिंग, बैनर व फ्लैक्स लगाने की सख्त मनाही है और मनाही के बावजूद विज्ञापन प्रदर्शित करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन दल, नगर निगम अधिनियम व विज्ञापन पॉलिसी के तहत जुर्माना लगाने व एफ.आई.आर. करवाने की कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्ड वाहन चालकों का ध्यान भटकाने के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी खराब करते हैं।



# युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य: रेणु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

रेलवे रोड करनाल स्थित एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जो की पहले केवल लडकों को शिक्षा प्रदान करता था अब को-एजुकेशन बनने के पश्चात लडकियां भी इस स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। इस विषय को लेकर आज एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्या रेणु गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि हर घर शिक्षा अभियान जिसका उद्देश्य प्राइमरी स्कूलों के ढांचे को मजबूत बनाना है ताकि देश का हर बच्चा प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर सके और अपने जीवन का विकास कर सके।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उस देश की आने वाली पीढ़ी के हाथ में होता है और वह पीढ़ी देश को क्या दिशा देगी यह बात उसको मिलने वाली शिक्षा तय करती है। प्रधानाचार्य रेणु गुप्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि हर घर शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय द्वारा कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों को फ्री दाखिला और फ्री यूनिफॉर्म दी जाएगी एवं अब इस विद्यालय में लडकों के साथ साथ लड़कियां भी पढ़ सकेंगी, केवल 500 रुपये मेंअब हर अभिभावक अपने पहले से पांचवीं तक के बच्चों को इस विद्यालय में पढ़ा सकते हैं।

### कृषि यंत्रों की खरीद पर 40-50 प्रतिशत अनुदान

**करनाल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा एनएफएसएम व एसएमएएम योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए कृषि यंत्रो/मशीनों की खरीद पर 40-50 प्रतिशत तक अनुदान राशी दी जायेगी। लाभार्थीयों का चयन ड्रा द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एक किसान अधिकतम विभिन्न प्रकार के केवल दो कृषि यंत्र ही अनुदान ले सकता है। चयन उपरांत किसान कृषि यंत्र निर्माताओं से मोल-भाव कर अपनी पंसद के निर्माता से यंत्र खरीद सकता है। कृषि यंत्र निर्माता स्कीम में मशीनों की आपूर्ति हेतू पोर्टल पर पंजीकरण करवायें। उप निदेशक ने बताया कि इच्छुक किसान पोर्टल पर पंजीकरण करें। आवेदनकर्ता किसान वर्ष 2023 मांमौजूदा खरीफ और रबी के समय मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।

# सभी कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

■ आज से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

मिशन कर्मयोगी के मीडिया कोऑर्डिनेटर बृजेश वत्स ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणादायक पहल मिशन कर्मयोगी की शुरुआत करनाल में हो चुकी है। हिपा द्वारा चुनिंदा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दे कर बतौर मास्टर ट्रेनर तैयार किया गया हैं जो अब आगे सभी स्थाई, कौशल रोजगार निगम और अनुबंध के तहत कार्यरत श्रेणी 1 से 4 तक के सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का प्रशिक्षण शरू होने जा रहा है जिसमें खंड करनाल से 52 कक्षाओं में 1572, निसिंग के 24 कक्षाओं में 733, असंध के 29 कक्षाओं में 879, घरौंडा के 36 कक्षाओं में 1070, नीलोखेड़ी के 32 कक्षाओं में 959, और इंद्री के 23 कक्षाओं में 691, समस्त करनाल जिले से शिक्षा विभाग से 196 कक्षाओं में कुल 5904 कर्मचारी मिशन हरियाणा कर्मयोगी का प्रशिक्षण लेंगे।

उन्होंने बताया कि हरियाणा लोक प्रबंधन संस्थान गुरुग्राम (हिपा) के सहयोग से हरियाणा सरकार के सभी विभागों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों में अपने कार्य को लेकर अपने उत्तरदायित्व को समझना, नागरिकों के प्रति सेवा भाव, दैनिक जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास और संवेदनशीलता का विकास करना है। वे अपने जीवन में श्रेयस का मार्ग अपनाएं और अपना, अपने समाज, प्रान्त हरियाणा और समस्त देश के कल्याण में योगदान दें।

**इन स्कूलों में दी जाएगी ट्रेनिंग**

उन्होंने बताया कि कक्षाओं का आयोजन करनाल में रा.क.मा. वि. प्रेम नगर करनाल, निसिंग में रा.व.मा. वि. मंजूरा, असंध में कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी असंध, घरौंडा में रा.व मा. वि. घरौंडा, नीलोखेड़ी में पी.एम. श्री रा.व मा. वि. नीलोखेड़ी और इंद्री में कार्यालय खंड संसाधन समन्वयक इंद्री में किया जाएगा। सभी खण्डों में सम्बंधित खंड शिक्षा अधिकारी ट्रेनिंग वेन्यू सेंटर के कोऑर्डिनेटर रहेंगे। इसका अवलोकन सीधा राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी करनाल और प्रधानाचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर संयुक्त ट्रेनिंग लीडर रहेंगे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से नोडल अधिकारी देवेंद्र शर्मा, प्लानिंग और ट्रेनिंग मुखिया पंकज शर्मा रहेंगे।

# विकसित राष्ट्र के लिए संगठित होना होगा

■ गांव सांतडी व बढेडी में विधायक रामकुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



इंद्री के गांव बढेडी में ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक राम कुमार कश्यप ।

इंद्री के गांव सांतडी व बढेडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्देश्य बहुआयामी है और जहां-जहां यात्रा से संबंधित कार्यक्रम हो रहा है वहां पर पात्र लाभार्थियों को उनके घर-द्वार पर ही सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस यात्रा के आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब व पिछड़े व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा प्रदेश के गांव-गांव में पहुंचकर सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के बारे लोगों को जागरूक करेगी। देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनता के सहयोग से देश तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।

इस दौरान उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह देश की आजादी हासिल करने के लिए सभी देशवासी एकजुट हो गए थे, ठीक उसी प्रकार से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को संगठित होना होगा।

मासिक श्रद्धालु संगम में उमड़े श्रद्धालु

# पराशक्तियों की कृपा से अकल्पनीय सफलता संभव: प्रमिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल





**करनाल।** प्रवचन करते हुए महासाध्वी प्रमिला। फोटो :हरिभूमि

महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, जयपाल सिंह, पुष्पा गोयल, पवन जैन, कर्मवीर सिंह आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा और श्री घंटाकर्ण देव का आह्वान करते हुए उनकी मंगलमयी कृपा की याचना की। लक्खां तर गए लक्खां ने तर जाना जिन्हां ने तेरा नाम जपिया, जिसकी उंगली पर चलता सारा संसार है, वो कोई और नहीं मेरा घंटाकर्ण दातार है, जब-जब तेरा भक्त कहीं कोई रोता है, आंख के आंसू से चरण को धोता है आदि भजनों ने सभी की हृदय तंत्रियों को झंकार दिया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है और पराशक्तियों की दैवी कृपा से अलौकिक सफलता पाई जा सकती है। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी, भक्तवत्सल देवता हैं जिनकी कृपा व्यक्ति को निहाल तथा मालामाल कर देती है। परालौकिक शक्तियां भक्ति से प्रसन्न होकर कंगाल को मालामाल, साधनहीन को साधनसंपन्न तथा दर-दर ठोकरें खाने वाले को भी शाही ठाठ-बाट से युक्त बना देती हैं। श्री घंटाकर्ण जी सभी भारतीय परंपराओं के सर्वमान्य परोपकारी, जनहितैषी ऐसे देवता हैं जिनके अनुकूल होने पर सारी तकलीफें काफूर हो जाती हैं और जीवन- पथ गुलाब की पंखुडिय़ों की तरह सुकोमल तथा सुगमता से चलने योग्य बन जाता है। अंधेर पक्ष की चतुर्दशी श्री घंटाकर्ण देव को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पाकर अपने जीवन को सुख संपन्न बनाने का विशेष अवसर है जिस दिन देव दरबार में हाजिरी लगाकर अपना कुशल-मंगल, आनंद- क्षेम सुनिश्चित किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में गिरने लगा पाला

**इसराना।** ठंड का कहर शुरू हो गया है। क्षेत्र में पाला पड़ने की शुरूआत हो गई है। वहीं पाला पडने से गेहूं उत्पादक किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है। ठंड बढ़नरे से गर्म कपड़ों की बिक्री धड़ल्ले से शुरू हो गई है। इस सीजन का पहला पाला मंगलवार की रात को पड़ा है। दिसम्बर का आधा महीना आ चुका है अब जहां सुबह-शाम कोहरे के साथ-साथ पाला भी खेतों में दिखाई देने लगा है। जिससे तापमान में गिरावट जारी है। रात को तापमान सामान्य से नीचे तक पहुंच गया है।

### आर्य गर्ल्स ओवरऑल विजेता बना

**पानीपत।** सीबीएसई द्वारा हब ऑफ लनिंर्ग का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में अंतर स्कूल खेल प्रतियोगिता हुई। आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने मेजबानी करते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करके ओवरऑल विजेता रहा। जबकि दूसरे स्थान पर बाल विकास तथा सनराइज स्कूल की टीम में रही। खेल प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका में कोच प्रदीप और धर्मेंद्र का विशेष सहयोग रहा।

### साक्षरता प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत की ओर से केंद्र सरकार द्वारा आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लिए ब्लॉक स्तर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापौली में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्ण रानी ने की। संचालन बीआरसी बिजेंद्र नरवाल ने किया। वहीं नोडल अधिकारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलालपुर के प्राचार्य विनोद कुमार भी मौजूद रहे। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्ण रानी ने प्रशिक्षण शिविर में सभी को उत्तम कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा सभी प्राचार्य एवं अधिकारियों को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से परिचित कराया।

### गायक अरमान को सम्मानित किया

**पानीपत।** हरियाणवीं बाल गायक अरमान कश्यप पानीपतिया का समाजसेवी गुरू हाजी साधना द्वारा अपने निवास पर सम्मान किया गया। गुरू हाजी साधना ने अरमान कश्यप को पटका व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। यही नहीं यहां उनके साथ पहुंचने अरमान कश्यप के पिता बबलू कश्यप को भी गुरू हाजी साधना ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। बता दें कि अरमान कश्यप का हरियाणवीं गाना रोहतक आला सैनी आजकल खूब चचाअरं में हैं। जिसका म्यूजिक कृष्ण सांवरा ने दिया है। डायरेक्टर बबलू कश्यप हैं तथा लेखक विजय शर्मा छाजपुरिया हैं।

### सीएम आवास का घेराव करेगे

**पानीपत।** पानीपत पैक्स कर्मचारी महासंघ की बैठक महासंघ के प्रधान बिजेंद्र की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला के सभी पैक्स कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 दिसंबर को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। बैठक में बोलते हुए प्रधान बिजेंद्र ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पैक्स कर्मचारियों के वेतन में संशोधन करने तथा बैंक में पदोन्नति करने की घोषणा की गई थी। जिसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। जिसे लेकर पैक्स कर्मचारियों में भारी रोष है।

### पानीपत से किशोरी लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव पल्हेडी स्थित नंद ईंट भटठा कंपनी पर 11 वर्षीय लड़की को भट्ठे पर काम करने वाला प्रवासी युवक धीरज निवासी जिला छपरा बिहार, शादी की नीयत से बहला-फुसला कर भगा ले गया। लड़की के पिता ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। ठेकेदार और मशीन मालिक पर भी दोनों को भगाने में मदद करने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। वहीं हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सरकारी नौकरी के फर्जी नियुक्ति पत्र देकर पांच युवकों से 40 लाख ठगे

- सभी पीड़ित समालखा निवासी, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस की टीम ने सरकारी नौकरी के फर्जी नियुक्ति पत्र देकर समालखा निवासी पांच युवकों से 40 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में गिरोह के सरगना को दिल्ली रोहिणी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुरेंद्र मलिक निवासी रमेश नगर बवाना दिल्ली के रूप में हुई। स्पेशल डिटेक्टिव युनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना समालखा में कालीरमना पाना निवासी नवीन रमन पुत्र दयाल सिंह की शिकायत पर इस मामले में केस दर्ज है। उन्होंने बताया कि शिकायत में जानकारी दी गई थी कि गांव बांध निवासी उसके साले अमित को दिल्ली बवाना निवासी दंपति सुरेंद्र मलिक व ममता मलिक ने 13 लाख रुपये लेकर सीधा एफसीआई में असिस्टेंट क्लर्क के पद पर नौकरी लगवाया था। दोस्त अजीत को साथ लेकर वह रिश्तेदार के एक प्रोग्राम में गया था वहा पर सुरेंद्र मलिक भी अपनी पत्नी के ममता मलिक के साथ आया हुआ था। तब उनकी दोनों से मुलाकात हो गई। सुरेंद्र व ममता कहने लगे कि अमित की तरह अन्य को भी सीधा सरकारी नौकरी लगवा देंगे। सुरेंद्र ने खुद को रोहिणी दिल्ली डीटीसी में चालक के रूप में सरकारी नौकरी पर बताया और ममता ने अपनी उपर तक साठ गाठ व जान पहचान होने बारे उन दोनों को बताया। वहा पर एक दूसरे के मोबाइल नंबर ले लिए। एक सप्ताह बाद सुरेंद्र व ममता समालखा आए। अजीत को साथ लेकर वह दोनों से समालखा में दोस्त विशाल मल्होत्रा की दुकान पर मिला। दोनों ने उसको एमएनसी कंपनी नेस्ले में एचआर के पद पर पक्का लगवाने के लिए 5 लाख व अजीत को दिल्ली तीस हजारी कोर्ट में पीयन के पद पर पक्की सरकारी नौकरी लगवाने के 7.50लाख रूपए मांगे। 10 फरवरी 2021 को दोनों समालखा आकर उससे 2 लाख रुपये कैश व सारे दस्तावेज की फोटा कॉपी साइन करवा कर ले गए। 3 दिन बाद अजीत ने भी उनके खाते में 1 लाख रुपये डलवा दिए। दोनों 19 फरवरी 2021 को समलखा आए और अजीत से 3.50लाख रुपये कैश लेकर तीस हजारी कोट का कॉल लेटर दे दिया। 3 मार्च 2021 को मेडिकल फिटनेस लेटर देकर वेरिफिकेशन के नाम पर अजीत से 1.25लाख रुपये और खाते में डलवा लिए। उसने भी और 1.70लाख रुपये कैश दे दिए। इसके अतिरिक्त उससे 30 हजार व अजीत से 35 हजार रुपये गूगल पे पर डलवा लिए। 30 मार्च 2021 को दोनों ने अजीत को तीस हजारी कोर्ट का ज्वाइनिंग लेटर दिया और असली दस्तावेज के साथ 22 अप्रैल को ज्वाइनिंग करने के लिए कहा। यह सब देखकर साथ खड़े दोस्त विशाल मल्होत्रा व विक्रम ने भी सरकारी नौकरी लगने की इच्छा जाहिर की। इसके कुछ दिन बाद दोनों फिर से समालखा आए और विशाल से दिल्ली तीस हजारी कोर्ट में पीयन के पद पर लगवाने के 7.50लाख रुपये व विक्रम को एफसीआई हरियाणा में क्लर्क के पद पर नौकरी लगवाने के 9.50लाख रुपये मागे। सहमति होने पर विक्रम से 4.50लाख रुपये व विशाल से 5.50लाख रुपये व दस्तावेज की फोटा कॉपी साइन करवाकर ले गए। इसके 2 दिन बाद ममता मलिक ने उसको फोन पर बताया कि डायरेक्टर की बदली हो गई है इसकी वजह से उसकी ज्वाइनिंग जुलाई के अंत तक होगी।

### एफसीआई क्लर्क का लेटर निकला फर्जी

विशाल से 13 अप्रैल 2021 को अपने ज्वाइंट खाते में और 4.25लाख रुपये डलवा लिए। 4 मई 2021 को समालखा आकर विक्रम से और 5 लाख रुपये कैश ले गए व विशाल से 5 मई को बचे 25 हजार रुपये और खाते में डलवा लिए। दंपति ने विशाल व विक्रम को पैसो की सेफ्टी दिलाने के लिए दिल्ली दरियापुर कला निवासी संगीता नाम की महिला के नाम से दो स्टांप पेपर बनवाकर दिए। मेडिकल के नाम पर विक्रम से और 4 लाख रुपये संगीता के खाते में डलवा लिए। विशाल से भी मेडिकल के नाम पर 1 लाख रुपये और ले लिए। इसके बाद ममता मलिक 29 जून 2021 को समालखा आकर ज्वाइनिंग लेटर देकर गई। 2 जुलाई 2021 को दिल्ली रोहणी कोर्ट में बुलाकर ममता ने उसको विक्रम का एफसीआई कंप्यूटर आपरेटर का मेडिकल देकर विक्रम को देने के लिए कहा। इसके बाद ममता मलिक का फोन ना आने पर वह विशाल को साथ लेकर दिल्ली तीस हजारी कोट में गया और ज्वाइनिंग लेटर दिखाए। जहा पर उनको बताया गया यहा ऐसी कोई वेकेंसी नही निकली है। उक्त आईडी कार्ड व ज्वाइनिंग लेटर फर्जी है। इसके बाद विक्रम का भी एफसीआई क्लर्क का लेटर चैक करवाया तो वह भी फर्जी निकला।

### बगैर कोई नोटिस दिए क्लर्क पद से हटाया

ममता मलिक से बात की तो कहने लगी आप सब की ज्वाइनिंग जरूर होगी। इसी दौरान रिश्तेदार अमित को भी बगैर कोई नोटिस दिए एफसीआई में क्लर्क पद से हटा दिया गया। उन्होंने दंपति सुरेंद्र मलिक व ममता मलिक के अपने पैसे वापिस मांगे तो दोनों ने थोड़ी थोड़ी राशि के 6 चैक उनको दिए जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए। बाद में आरोपी पैसे देने में टाल मटोल करने लगे। आरोपियों ने सड़यत्र रचकर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे 40 लाख रूपए की ठगी कर ली। शिकायत पर थाना समालखा में नामजद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। स्पेशल डिटेक्टिव युनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेशानुसार मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट कर रही थी। वहीं पुलिस नरे आरोपी को ठगी के मामले की जानकारी लेने के लिए कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

## पार्षदों ने कर्मचारियों का समर्थन किया

# समालखा नगर पालिका पर सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



समालखा नगर पालिका का प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले बुधवार को नगर पालिका समालखा के सफाई कर्मचारियों ने प्रधान रणबीर की अध्यक्षता में समान काम का समान वेतन को लेकर नगर पालिका समालखा परिसर में धरने पर बैठे व प्रदर्शन किया। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने कहा यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वह बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार व नगर पालिका प्रशासन की होगी। प्रधान रणबीर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अनुबंध कर्मचारियों को समान काम का समान वेतन देने का निर्णय 2017 से लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि पालिका, परिषदों व निगमों में समान काम समान वेतन दिया भी जा रहा है पर नगर पालिका समालखा कर्मचारियों को सरकार की इस नीति के तहत वेतन नहीं दिया जा रहा। जिसको लेकर कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है पर उच्च अधिकारियों ने उनकी मांगों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अपनी मांगों को पूरा करवाने हेतु बीते बुधवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हड़ताल शुरू की है। वहीं मौके पर पहुंचकर नरेश कौशिक व कप्तान छौक्कर पार्षदों ने नगर पालिका कर्मचारियों का समर्थन किया और सफाई कर्मचारियों को समझाते हुए कहा आपकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे।

### परिजनों ने कृष्ण कौर की आंखें दान की

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 12 कृष्ण कौर, बुधवार को वाहेगुरु के चरणों में लीन हो गई। वहीं उनके पुत्र स. नानक सिंह, बेटियां तेजिंदर कौर, सुरजीत कौर, रणजीत कौर ने अपनी मां की अंतिम इच्छा को पूरा करते हुए उनके नेत्र दान कराएं। माधव नेत्र बैंक से आए डा. और उनकी टीम ने कृष्ण कौर के नेत्रों को लेकर पीजीआई पहुंचाया। नेत्रदान का यह कार्य जन सेवा दल के सहयोग से हुआ। जन सेवा दल के सचिव चमन गुलाटी का कहना है कि जीते जी रक्तदान से किसी अजनबी की जान को बचाया जा सकता है। जबकि मृत्यु के बाद नेत्रदान दो घरों में रोशनी देता है। अगर आप अपने नेत्र अग्नि की भेंट कर दोगे तो दो चुटकी राख मिलेगी और इसे दान कर देंगे तो दो घरों में रोशनी मिलेगी। इस अवसर पर जन सेवा दल के प्रधान श्री कृष्णा मनचंदा,चमन गुलाटी, कमल गुलाटी, यश बांगा, श्याम लाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



कृष्ण कौर



आर्य कॉलेज के विजेता खिलाड़ी प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ। फोटो :हरिभूमि

### आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने नौकायान में जीते पांच मेडल

**पानीपत।** जींद के हैबतपुर गांव में इंटर कॉलेज नौकायान चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच मेडल अपने नाम किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नौकायान चैंपियनशिप का आयोजन कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में करवाया गया जिसमें विभिन्न कॉलेज के खिलाडियों ने भाग लिया। डॉ. गुप्ता ने बताया डबल स्कल नौकायन प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के अजय और अंकित ने रजत पदक, कॉलैक्स पेयर नौकायान में विशाल व रीशु ने रजत पदक अपने नाम किए। वहीं एकल स्कल नौकायन प्रतियोगिता में अजय और पवित्रा ने कांस्य पदक जीत कर दूसरे रनर अप की ट्राफी भी अपने नाम की। यह भी बताया की इन सभी खिलाडियों ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम में भी अपना नाम दर्ज करवाया और अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि के लिए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, डॉ. राजेश टूर्ण कोच राजेंद्र देशवाल, राजा, सुनील व अनूप को बधाई दी।

### उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उद्यमिता जागरूकता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसे हिंदुस्तान युनिलीवर लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किया गया। इस कार्यशाला में स्टेट हेड लक्ष्मी प्रसाद भट्ट व उनके सहयोगी शोभित मठीयानी ने बच्चों को स्वयं रोजगार करने के लिए प्रेरित किया तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्कीम्स के बारे में छात्रों को जानकारी दी कि किस प्रकार आईटीआई पास छात्र इन स्कीम्स के माध्यम से अपना व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं। इस कार्यशाला में संस्थान में चल रहे लगभग सभी व्यवसाय जैसे मशीनिस्ट, टर्नर, कारपेंटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, फाऊंडरीमैन, कोपा, ट्रैक्टर मैकेनिक, स्टेनो हिंदी व इंग्लिश इत्यादि के छात्रों ने बढ़ चढकर भाग लिया। जिला नोडल अधिकारी कम प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों में स्वयं रोजगार को स्थापित करने की भावना जाग्रत करती हैं।

### इनेलो का जनाधार बढ़ा

**पानीपत।** इनेलो पानीपत ग्रामीण की मीटिंग का बुधवार को आयोजन हुआ। ग्रामीण हलका के प्रधान कुलदीप राठी ने कहा कि मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार से प्रदेश की जनता का मोह भंग हो चुका है। जबकि इनेलो का जनाधार प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर जिला प्रधान हेमराज जागलान, पानीपत ग्रामीण हल्का के प्रधान कुलदीप राठी, कृष्ण भौक्कर, निशान मलिक, राजू नांदल, रणवीर मान, सतबीर जाटल, विजय सिवाह, अशोक, कपिल, सीतापाल राठी, हरिओम खोतपुरा, शमशेर देशवाल, अहान भौक्कर, रविंद्र डाहार, नौशाद, सागर राजपूत, मोहित, महावीर नंबरदार कश्यप, संजय रोड़, रघुवीर जैन, रामचंद्र बडोली, दलवीर बडोली, राममेहर, रामकुमार व दलवीर आदि मौजूद रहे।

### पाइट कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीते मेडल

**पानीपत।** पाइट कॉलेज के विद्यार्थियों ने खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। पाइट के सचिव सुरेश तायल एवं वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि एमएमयू अंबाला में हुई प्रतियोगिता में पाइट कॉलेज की वालीबॉल व बास्केटबॉल टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हुई अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिला कुश्ती प्रतियोगिता में पायल बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा को कांस्य पदक मिला। पानीपत में आयोजित हुई 26वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र देव अरोड़ा बीकॉम तृतीय वर्ष ने गोल्ड मेडल जीता। पाइट के खेल अधिकारी डॉ.बजरंग राणा ने बताया कि विभिन्न प्रतिस्प्रधाओं में पाइट के युवाओं का प्रदर्शन शानदार रहा है। सभी का कॉलेज में सम्मान किया गया।



पानीपत। पाइट के विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

### जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना मतलौडा की उरलाना चौकी पुलिस ने गांव कुराना खेत में गांव निवासी जसबीर पर कस्सी से वार कर जानलेवा हमला करने के मामले में नामजद आरोपी सुरेंद्र निवासी कुराना को गिरफ्तार किया है। थाना मतलौडा प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने इस मामले में उरलाना चौकी में गांव कुराना निवासी धर्मसिंह पुत्र कर्म सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### आयुक्त से शिकायत की

**पानीपत।** नूरवाला की जसबीर कॉलोनी में लगाए जा रहे मोबाइल टावर के विरोध में कॉलोनी वासियों ने नगर निगम कमीश्नर को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में बताया गया है कि जसबीर कॉलोनी एक रिहायसी कॉलोनी है। जिसमें हरिन्द्र सिंह उर्फ हीरा सिंह पुत्र महल सिंह द्वारा एक बड़ा मोबाइल टावर लगवा रहा है। जिससे काफी हानिकारक तरंगे उत्पन्न होंगी। जिससे हृदय रोग, कैंसर, ब्रेन, अटैक जैसी भंयकर बिमारियां कालोनी वासियों को लगने का खतरा है।

## पीपी कपूर के आग्रह के बाद भी प्रदेश सरकार ने नहीं हटाई सुरक्षा

- एएसपी से मिले कपूर, सुरक्षा वापस लेने की मांग की, एएसपी ने उच्चाधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया



अपनी पुलिस रक्षा लेने की मांग करते हुए आरटीआई कार्यकर्ता पीपी कपूर।

**समालखा।** एक ओर जहां छोटे बड़े नेता और प्रभावशाली लोग अपना रुतबा बढ़ाने के लिए अपनी पुलिस सिक्योरिटी लगवाने के लिए खूब एड़ी चोटी का जोर लगा देते हैं फिर भी पुलिस सिक्योरिटी नसीब नहीं होती। वहीं दूसरी ओर आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर पिछले 13 दिन से अपनी पुलिस सिक्योरिटी हटवाने के लिए गुहार लगा रहे हैं। एसपी से लेकर डीजीपी और गृह मंत्री अनिल विज तक को लिखित प्रार्थना पत्र और इमेल भेज कर अपनी सिक्योरिटी हटवाने के लिए लिखित प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। उसके बावजूद पुलिस उनकी सुरक्षा में पिछले सवा दो वर्षो से निःशुल्क लगाए गए दो सशस्त्र पुलिस सुरक्षा कर्मियों को हटाने को तैयार नहीं है। आज एक बार फिर इसी सिलसिले में आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने डीएसपी समालखा एवं एडिशनल एसपी मयंक मिश्रा से मिले। सिक्योरिटी हटवाने की मांग सुन कर एएसपी मयंक मिश्रा ने हैरान होते हुए कहा कि कमाल है लोग तो सुरक्षा मांगने आते हैं और आप निःशुल्क प्राप्त पुलिस सिक्योरिटी लौटाने के लिए आए हैं। एएसपी ने कपूर की रिक्वेस्ट सुनने के बाद बताया कि हाइकोर्ट के आदेश पर हरियाणा पुलिस ने दो सशस्त्र पुलिस सुरक्षा कर्मी कपूर की सुरक्षा में निःशुल्क लगा रखे हैं। इन्हें अपने तौर पर नहीं हटाया जा सकता। कपूर के इस कदम की सराहना करते हुए हुए बताया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों से राय ले कर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में कपूर ने बताया कि बेशक वे भ्रष्टाचार और अन्याय के खिलाफ लड़ते रहते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**यश दुआ पुत्र श्री हरभगवान निवासी मकान नंबर 229 वार्ड-9 पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सुचित किया जाता है यश दुआ पुत्र श्री हरभगवान निवासी मकान नंबर 229 वार्ड-9 पानीपत ने वारसान तसदीक हेतु पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता हरभगवान पुत्र श्री मन्सा राम की दिनांक 15.03.2013 व माता रीना रानी की दिनांक 5.5.2021 को मृत्यु हो चुकी है यह कि हरभगवान की माता प्यारी बाई की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। हरभगवान पुत्र श्री मन्सा राम की मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है हलका पटवारी एवं चंचल सहगल नगर निगम पार्षद वार्ड-9 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है।

1. सुमित दुआ लड़का 2. यश दुआ लड़का 3. भावना लड़की मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है।

इनके इलावा मृतक हरभगवान पुत्र श्री मन्सा राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12-12-2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा प्रदान की गई सेवाएं वास्तव में सराहनीय

# पानीपत रिफाइनरी में संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। रिफाइनरी में सुरक्षा संबंधी पोस्टर जारी करते हुए ईडी एमएल डहरिया आदि अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

संसद की रक्षा करते हुए, शहीद हुए हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में 19 दिसंबर तक सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। जिसका बुधवार को उद्देश्यपूर्ण ढंग से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा सभी मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारीगण, सीआईएसएफ कमांडेंट और उनकी टीम की उपस्थिति में सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाने के साथ हुई। इससे पहले, डहरिया को सीआईएसएफ अधिकारियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष का संदेश मुकुल अग्रवाल, मुख्य-महाप्रबंधक, (पी एंड यू, आईटी) द्वारा पढ़ा गया और निदेशक (एचआर) का संदेश तरुण कुमार बिसई, मुख्य-महाप्रबंधक, (एचआर) द्वारा पढ़ा गया, जबकि निदेशक (रिफाइनरीज) का संदेश हितेश आर. शाह, मुख्य-महाप्रबंधक द्वारा पढ़ा गया। डहरिया और मुख्य-महाप्रबंधकगण द्वारा सुरक्षा मुद्दों के बारे में जागरूकता और सुरक्षा सप्ताह का पोस्टर्स का अनावरण किया गया। डहरिया ने 13 दिसंबर 2001 को अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आग्रह किया कि हमें कॉर्पोरेट की संपत्ति और इसके लोगों की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं करना चाहिए, इसलिए हम सभी की इसकी सुरक्षा के लिए हर पल सतर्क रहना होगा। पीआरपीसी देश की महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य संपत्ति है अतः हम इसकी सुरक्षा को और भी मजबूत करेंगे। डहरिया ने कंप्यूटर सिस्टम पर संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए उचित और बेहतर तरीकों के उपयोग पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें पासवर्ड नीति, मैलवेयर, फिशिंग आदि शामिल हैं। उन्होंने जोरदार ढंग से उल्लेख किया कि हम पीआरपीसी की सुरक्षा लगातार मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा प्रदान की गई सेवाएं वास्तव में सराहनीय हैं। समापन से पहले, उन्होंने प्रत्येक कर्मचारी से आग्रह किया कि वह हमेशा याद रखे की उनके प्रतिष्ठान की सुरक्षा सीधे उनकी नौकरी, विकास, समृद्धि और उनके परिवार के कल्याण से जुड़ी है। वहीं, डहरिया के नेतृत्व में उपस्थित सभी लोगों ने प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा किया, जहां सुरक्षा जांच उपकरण, रखे गए थे। कार्यक्रम के समापन से पहले सीआईएसएफ अधिकारियों द्वारा डॉग-स्क्वाड द्वारा सुरक्षा जांच के अभ्यास का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष झा, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी द्वारा किया गया।

